ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट में 'वित्तीय साक्षरता' पर वर्कशॉप

जालंधर, 28 फरवरी (विनीत): ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग की ओर से नैशनल इंस्टीच्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्किट के संयुक्त प्रयास से वित्तीय साक्षरता विषय पर कोटक सिक्योरिटी के 'कोना-कोना' शिक्षा अभियान के तहत 2 दिवसीय वर्कशाप करवाई गई, जिसमें नागेश कुमार व अमिता सैनी ने बतौर मुख्यवक्ता शामिल होकर इंस्टीच्यूट के विद्यार्थियों को विभिन्न 8 सैशनों के अंतर्गत संबंधित विषय के प्रति जागरूक किया।

ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट के विद्यार्थियों के साथ नागेश कुमार व अमिता सैनी।

क्विज के साथ शुरु हुए उक्त सैशनों में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को म्यूचुअल फंड्स, करियर इन सिक्योरिटी मार्कीट जैसे विषयों की भी विस्तार सहित जानकारी दी तथा अंत में क्विज के विजेताओं को प्रमाण पत्र भेंट किए।

अंत में इंस्टीच्यूट के डायरैक्टर डा. राजेश बगगा ने उक्त वर्कशाप के आयोजकों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को प्राप्त जानकारी से लाभ लेने की प्रेरणा दी।

Punjab Kesari 01 March 2023